आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 05.07.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टनकपुर से कैलाश मानसरोवर यात्रा के पहले दल को हरी झंडी दिखाकर अगले पड़ाव के लिए रवाना किया।
- प्रदेश में चालू वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में खनन विभाग ने 3 अरब 31 करोड़ से अधिक का राजस्व अर्जित कर नया रिकॉर्ड बनाया।
- वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा– भारत अपनी शर्तों पर व्यापार समझौते करता है, राष्ट्र हित में होने पर ही समझौता स्वीकार करेगा।
- राष्ट्रीय राजमर्ग–109 पर अल्मोड़ा में क्वारब पुल के पास भूस्खलन को देखते हुए 18 जुलाई तक रात में वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित।

..........................................

कैलाश मानसरोवर यात्रा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज चम्पावत जिले के टनकपुर से कैलाश मानसरोवर यात्रा के पहले दल को हरी झंडी दिखाकर अगले पड़ाव के लिए रवाना किया। दिल्ली से चला यह यात्रा दल कल अपने पहले पड़ाव टनकपुर पहुंचा था। 50 सदस्यीय इस दल में गुजरात, दिल्ली, राजस्थान, महाराष्ट्र, उतर प्रदेश, बंगाल, तेलांगना और छत्तीसगढ़ के श्रद्धालु शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि तीर्थयात्रियों की सुरक्षा और उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री ने दल के सदस्यों से बातचीत कर प्रदेश सरकार द्वारा धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने पर जानकारी भी साझा की।

..........................................

खनन राजस्व रिकॉर्ड

प्रदेश में चालू वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में खनन विभाग ने 3 अरब 31 करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व अर्जित कर नया रिकॉर्ड बनाया है, जो गत वर्ष की तुलना से 22 दशमलव 4–7 प्रतिशत अधिक है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य की आर्थिक मजबूती के लिए राजस्व प्राप्ति के संसाधनों में वृद्धि किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राज्य के हित में खनिज संसाधनों का समुचित और युक्तिसंगत तरीके से उपयोग करने पर ध्यान देने के साथ ही अवैध खनन पर सख्त नियंत्रण, पारदर्शी व्यवस्था, ठोस निगरानी और नियमों के सख्त अनुपालन पर जोर दिया गया है। इसके अलावा खनन उद्योग से जुड़े रोजगार के अवसरों को भी बढ़ावा देने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य सरकार की ओर से खनन से राजस्व वृद्धि के लिए उपखनिज परिहार नियमावली और उत्तराखण्ड खनिज नियमावली में सरलीकरण करने के साथ ही नये खनिज लॉटो का चिन्हिकरण कर ई–निविदा सह–ई नीलामी के माध्यम से आवंटित करने की व्यवस्था की गई है। अवैध रूप से किए जाने वाले खनन, परिवहन एवं

भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम के लिए खनन निदेशालय के स्तर पर गठित प्रर्वतन दलों के माध्यम से निरन्तर कार्रवाई करने के साथ ही जिला स्तर पर भी अवैध खनन रोकने के लिए त्वरित व प्रभावी कार्रवाई करने की व्यवस्था की गई है। मुख्यालय स्तर पर ई–रवन्ना पोर्टल की समय–समय पर निगरानी करते हुए ई–रवन्ना पोर्टल को उन्नत करने, पट्टा धनराशि की समय से व पूरी वसूली सुनिश्चित करने जैसे अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।

……………………………………

राज्यपाल निरीक्षण

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने देहरादून स्थित उत्तराखण्ड राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र का भ्रमण कर अधिकारियों से मानसून के दृष्टिगत तैयारियों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने वर्षा की वर्तमान स्थिति, नदियों के जलस्तर, मार्गों की स्थिति और आगामी दिनों के मौसम पूर्वानुमान के साथ ही केंद्र की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया। राज्यपाल ने सभी जिलाधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर मानसून की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन में तीन मुख्य पहलुओं– डेटा आधारित निर्णय प्रणाली, विभागों के बीच समन्वय और सामुदायिक सहभागिता को केंद्र में रखकर कार्य किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण वर्षा के स्वरूप में परिवर्तन और आपदाओं की तीव्रता बढ़ रही है, ऐसे में राज्य की विषम भौगोलिक परिस्थितियों पर आधारित आपदा प्रबंधन की दिशा में ठोस प्रयास करने होंगे। राज्यपाल ने उत्तराखण्ड के आपदा प्रबंधन विभाग की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि विभाग द्वारा आपदा प्रबंधन और न्यूनीकरण के क्षेत्र में पेशेवर ढंग से कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन ने प्रदेश स्तर पर मानसून की तैयारियों को लेकर प्रस्तुतीकरण दिया।

……………………………………

वाणिज्य मंत्री

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत ने अपनी शर्तों पर व्यापार समझौतों पर चर्चा की है और किसी समयसीमा के आधार पर कोई व्यापार समझौता नहीं किया। नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में श्री गोयल ने कहा कि मुक्त व्यापार समझौता केवल तभी होता है, जब वह दोनों पक्षों के लिए लाभप्रद हो। उन्होंने कहा कि कोई देश व्यापार समझौता तभी स्वीकार करता है, जब वह पूरी तरह से परिपक्व और राष्ट्रीय हित में हो।

……………………………………

आवाजाही प्रतिबंधित

राष्ट्रीय राजमार्ग–109 पर अल्मोड़ा में क्वारब पुल के पास लगातार हो रहे भूस्खलन को देखते हुए 18 जुलाई तक रात 11 बजे से सुबह 5 बजे तक वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद रहेगी। इस दौरान सिर्फ एंबुलेंस, क्रेन और आवश्यक सेवाओं वाले वाहन ही चल सकते हैं। गौरतलब है कि राष्ट्रीय गजमार्ग में क्वारब के पास 200 मीटर हिस्से में लगातार भूस्खलन हो रहा है। ऐसे में वर्तमान में यहां पर सुरक्षात्मक कार्य किया जा रहा है। अल्मोड़ा के जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडे का कहना है कि सड़क पर पहाड़ी से पत्थर, मलबा गिरने के कारण यहां से रात के समय वाहनों के लिए आवाजाही खतरनाक बनी हुई है।

लोगों की सुरक्षा का देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। उनके अनुसार आदेशों की अवहेलना करने वालों पर कार्रवाई को जाएगी। वहीं प्रतिबंधित समय पर सड़क दुर्घटना और वाहन संचालन के लिए संबंधित चौकी, थाना प्रभारियों की जिम्मेदारी होगी।

...........................................

मुख्यमंत्री धान रोपाई

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज ऊधमसिंह नगर जिले के खटीमा के नगरा तराई क्षेत्र में अपने खेत में धान की रोपाई कर किसानों के परिश्रम, त्याग और समर्पण को नमन किया। उन्होंने कहा कि अन्नदाता न केवल हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, बल्कि संस्कृति और परंपराओं के संवाहक भी हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत "हुड़किया बौल" के माध्यम से भूमि के देवता भूमियां, जल के देवता इंद्र और छाया के देवता मेघ की वंदना भी की। मुख्यमंत्री के इस सांस्कृतिक जुड़ाव और किसानों के साथ आत्मीय सहभाग ने क्षेत्रीय जनता को प्रेरित किया। श्री धामी की यह पहल उत्तराखंड की ग्रामीण संस्कृति, कृषकों की अहमियत और पारंपरिक लोक कलाओं के संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है।

...........................................

कॉर्बेट टाइगर रिजर्व

कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की जैव विविधता हॉग डियर, शिकारी पक्षियों के लिए मुफीद है। पार्क में इनका बेहतर संरक्षण हो रहा है। यह बात रिजर्व के निदेशक डॉ साकेत बडोला ने एक बैठक के दौरान कही। उनके अनुसार नवंबर 2023 से अप्रैल 2025 तक पांच गिद्धों को सैटेलाइट टैग लगाकर छोड़ा गया था। यह कॉर्बेट पार्क से होकर राजाजी राष्ट्रीय पार्क तक का सफर कर वापस अल्मोड़ा वन क्षेत्र में पहुंचे। इस दौरान 90 दिन के भीतर गिद्धों ने लगभग तीन हजार किलोमीटर का सफर तय किया।
इसके अलावा कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में गिद्धों की नौ प्रजातियां देखने को मिली हैं, जो अच्छा संकेत है। पर्यावरण के संतुलन में गिद्ध अपनी अहम भूमिका निभाते हैं। वहीं सर्वे रिपोर्ट में कॉर्बेट के जंगल में शिकारी पक्षियों के ठिकाने सुरक्षित मिले हैं, इससे कॉर्बेट का जंगल वन्यजीवों के बाद शिकारी पक्षियों के अनुकूल है।

...........................................

मध्यस्थता अभियान चमोली

चमोली जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जिले में पहली जुलाई से 90 दिनों तक मध्यस्थता अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों को मध्यस्थ अधिवक्ता के सहयोग से आपसी सुलह–समझौते के आधार पर निःशुल्क निस्तारित किया जाएगा। प्राधिकरण के सचिव पुनीत कुमार ने बताया कि संबंधित व्यक्ति प्रकरण को मध्यस्थता के माध्यम से निःशुल्क निपटाने के लिए संबंधित न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर सूचित कर सकते हैं।

...........................................